तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

# हरिभूमि मध्यांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 1 अप्रैल 2025

14 मोहरा पंचायत में मनवा कुर्मी समाज की बैठक ...

14 चैत्र नवरात्रि पर निकाली कलश यात्रा ...




## नवरात्रि विशेष



### तृतीय : चंद्रघंटा

मां दुर्गा का तीसरा शक्ति स्वरुप है चंद्रघंटा। नवरात्रि के तीसरे दिन मां के इसी रुप का पूजन होता है। माता का यह रुप परम शांतिदायक और कल्याणकारी है। इनके माथे पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र है। इसी से इन्हें चंद्रघंटा देवी कहा जाता है। इनके शरीर का वर्ण सोने के समान है। उनके दस हाथ हैं। इनका वाहन सिंह है। इनकी पूजा से भक्तों में वीरता, निर्भयता और विनम्रता आती है। नवरात्रि के तीसरे दिन की पूजा का अत्यधिक महत्व माना जाता है। हमें मन-वचन-कर्म और काया की विधि विधान के अनुसार पवित्र करके ही मां की पूजा करनी चाहिए। इससे संसार के सारे कष्ट मिटते हैं और साधक को मोक्ष की प्राप्ति होती है। तीसरे नवरात्र को भक्त का मन मणिपुर चक्र में प्रविष्ट होता है। मां की कृपा से उसे अलौकिक वस्तुओं की प्राप्ति होती है। विविध प्रकार की ध्वनियां सुनाई देती है। मां की कृपा से सारे पाप और संकट दूर होते हैं। इनके घंटे की आवाज प्रेत बाधाओं से सदा भक्तों की रक्षा करती है। मां चंद्रघंटा के भक्त जहां भी जाते हैं। उन्हें देखकर अन्य व्यक्ति सुख और शांति का अनुभव करते हैं। मां अपने आशीर्वाद से भक्तों को सदैव शुभफल देने वाली है। माता के इस रुप की आराधना का मंत्र इस प्रकार है। पिंडजप्रवरारुढ़ा चंडकोपास्त्रकैर्युता। प्रसादं तनुते महाचंद्रघंटेति विश्रुता ।।

## भाईचारे के साथ मनी ईद : अमन और खुशहाली की दुआ मांगी...

**पलारी।** नगर सहित आस पास के गांवों में ईद का पर्व धूमधाम से मनाया गया। नगर के मुस्लिम जमात के लोग सोमवार को ईद मुबारक मौके पर नए-नए परिधान में नगर में स्थित ईदगाह पहुंच कर ईद की नमाज अदा की। मौलाना मुस्तकीम रजा ने ईद की नमाज अदा कराई। उन्होंने ईद की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए तकरीर पेस की। नमाज के बाद नगर सहित देश में अमन चैन की दुआ मांगी गई। नमाज में नगर सहित आस पास के मुस्लिम भाई शामिल हुए। नमाज के बाद सभी लोग एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारक बाद दी। ईद पर दोस्त यार जनप्रतिनिधियों ने मुबारक बाद दी। इस अवसर पर ईदी पाकर पर बच्चे ज्यादा खुश नजर आए। रमजान माह के तीस दिन के रोजा के बाद यह यह त्यौहार मनाया जाता है। इस अवसर पर सेवइयों का लुत्फ उठाया गया। विकासखण्ड के ग्राम सोनार देवरी में भी ईद की नमाज ईदगाह में अदा कर देश में अमन-चैन की दुआ मांगी गई।



### संडी में हुआ हादसा, चालक और क्लीनर बाल-बाल बचे

# मुर्गी दाना लदा बेकाबू ट्रक जनरल स्टोर में घुसा, पोल व शेड क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संडी-बंगला



संडी में तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित एक जनरल स्टोर्स की दुकान में जा घुसा। इससे पहले ट्रक ने सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे को तोड़ दिया। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि दुकान के सामने लगा टीन का शेड और शटर क्षतिग्रस्त हो गए और ट्रक पलट गया।

**ओव्हर टेक के चक्कर में घटी घटना**

गनीमत रही कि इसमें किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। ट्रक चालक और क्लीनर दोनों सुरक्षित बच गए। घटना की जानकारी मिलते ही पलारी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

दुकान संचालक युवराज साहू ने बताया कि दुर्घटना के कारण दुकान में रखा बहुत सारा सामान बर्बाद हो गया, जिससे उन्हें भारी नुकसान हुआ है। वहीं गांव के जनपद सदस्य वीरेंद्र माहेश्वरी ने बताया कि ट्रक की रफ्तार काफी तेज थी और वह ओवरटेक करने की कोशिश में अपना नियंत्रण खो बैठा, जिससे यह दुर्घटना हुई। सुबह के वक्त ज्यादा भीड़भाड़ नहीं होने की वजह से बड़ी जनहानि नहीं हुई। बताया जा रहा है कि ट्रक में मुर्गियों को खिलाने वाला दाना लोड था, जिसे रायपुर से लेकर शिवरीनारायण ले जाया जा रहा था।

### ट्रक को जब्त कर लिया गया है

इसी दौरान ग्राम संडी में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित एक जनरल स्टोर्स की दुकान में जा घुसा। इससे पहले ट्रक ने सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे को तोड़ दिया। पलारी थाना प्रभारी धीरेंद्र दुबे ने बताया कि, ट्रक को जब्त कर लिया गया है। दुकान संचालक की शिकायत के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह हादसा ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन और लापरवाही का नतीजा था। प्रशासन से उम्मीद है कि ऐसे मामलों में सख्त कदम उठाए जाएंगे। भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

## मां डोंगर देवी मंदिर में 989 मनोकामना ज्योत प्रज्ज्वलित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भवानीपुर



विकासखंड पलारी अंतर्गत ग्राम मलपुरी गिधपुरी मां डोंगर देवी मंदिर में पं. शेखराम शर्मा द्वारा विशेष पूजा अर्चना कर मनोकामना दीप प्रज्ज्वलित किया गया। इसमें 989 जोत प्रज्ज्वलित की गई है। माता डोंगर देवी के मंदिर महानदी के तट पर विराजमान हैं, जो कि छत्तीसगढ़ से दर्शन करने के लिए लोग पहुंचते हैं। मां का मंदिर विशेष रूप से सजाया गया है और लाइट डेकोरेशन एवं रंगोली इत्यादि से सजाया गया है। माता सेवा समिति द्वारा प्रज्ज्वलित दीप की रेख देख करते हुए मंदिर परिसर को साफ-सफाई सहित सेवा भाव से कार्य करते हैं एवं सुबह शाम माता सेवा करते छोटे–छोटे बच्चे उन बुजुर्ग लोग बढ़–चढ़कर भाग लेकर माता का कीर्तन भजन करते रहते हैं। इस साल ज्योत की राशि बढ़ा कर प्रत्येक ज्योत 751 रूपये समिति द्वारा निर्धारित की गई है। समिति द्वारा भोजनालय एवं स्वल्पाहार का भी व्यवस्था रखी गई है। मां के मंदिर में पहले ही दिन से भीड़ लगने लगी है। सेवादार द्वारा मनोकामना ज्योति के दर्शनार्थियों को क्रमशः दर्शन करवा रहे हैं, जिसमें ईश्वर दास वैष्णव, पवन चंद्राकर, नोहर गिरी, सेवा राम निषाद, आनंदपाल, ओम प्रकाश पटेल, मोहन साहू, लोकश्वर ध्रुव, जयप्रकाश पुजारी, ज्ञान सिंह ध्रुव, चिंताराम निषाद, रिखी राम ध्रुव, भूपेंद्र नायक, सितु साहू आदि द्वारा सेवा भाव से माता दरबार में प्रतिदिन सेवा करने के लिए उपस्थित हैं।

### शिव शक्ति भजन मंडली को मांदर की भेंट...

**खरोरा।** नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुमित सेन एवं वार्ड क्रमांक 8 के पार्षद ने शिव शक्ति भजन मंडली को मांदर भेंट किया। इस अवसर पर किरण सोनी, उत्तरा साहू, दुर्गा, रानू वर्मा, अहिल्या देवांगन उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने ग्राम छोटेपटनी से एक व्यक्ति के घर से महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी सेवकलाल रात्रे पिता मंशाराम रात्रे (40 साल) छोटेपटनी के कब्जे से 3 लीटर हाथ भट्ठी देशी महुआ शराब कीमत 600 रुपए को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### पत्थर हटाने कहा तो कर दी मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम जोबा में पत्थर हटाने को लेकर हुए विवाद में मां और बेटे ने एक व्यक्ति से मारपीट कर दी। ग्राम जोबा के राजेंद्र ने तुमगांव पुलिस को बताया कि 30 मार्च की सुबह 8.30 बजे उसने अपने घर के सामने रखे पत्थर को हटाने के लिए गांव के दद्दू ध्रुवंशी से कहा, लेकिन दद्दू ध्रुवंशी एवं उसकी मां तारणी द्वारा पत्थर को नहीं हटायेंगे कहकर गाली देते हुए मारपीट की गई। साथ ही जान से मारने की धमकी भी देने लगे। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### ड्राइवर से मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम खैरटखुर्द में एक ड्राइवर के साथ मारपीट की घटना में कोमाखान थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को कुलेश्वर साहू निवासी खैरटखुर्द ने बताया कि वह अपने दादा बाबूलाल के साथ रहता है और ड्राइवरी का काम करता है। 28 मार्च को तिजउ राम साहू के घर खाना खाने गए थे। वहां पर संजय साहू के पिता पूरन साहू के साथ खाने को लेकर वाद विवाद हुआ था। इसी बात को लेकर 29 मार्च की रात करीबन 10 बजे के आसपास पूरन साहू का बेटा संजय साहू अपने साथियों के साथ मोटर सायकल में उसके घर के सामने आया और कॉल कर पिकअप वाहन लेकर रायपुर जाने के लिए बुलाया और कहा कि मैंने तुम्हारे मालिक से बात कर ली है। लेकिन जब प्रार्थी ने मना किया तो आरोपी संजय साहू ने गाली गलौच कर अपने साथियों के साथ हाथ मुक्का और डंडा से मारपीट कर दिया।

## संयंत्र ने प्राथमिक स्कूल चुचरुंगपुर और पेंड्री में 98 बेंच डेस्क सेट वितरित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार



अल्ट्राटेक रावन सीएसआर द्वारा युनिट हेड नुगुरी केशव एवं मानव संसाधन प्रमुख करण मिस्त्री के निर्देशन में शासकीय प्राइमरी स्कूल चुचरुंगपुर एवं पेंड्री में 98 बेंच डेस्क सेट वितरित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक, ग्राम पंचायत अधिकारी एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। पेंड्री प्राइमरी स्कूल के हेडमास्टर थनवार कोसले तथा चुचरुंगपुर के हेडमास्टर गिरिश कुमार साहू एवं सिया राम ध्रुव, पुनीत राम कोटारे, इंद्र कुमार साहू, छन्नूलाल साहू की उपस्थिति रही। ग्राम चुरुंगपुर में 48 सेट, पेंड्री में 50 सेट बेंच डेस्क देने से प्राइमरी के विद्यार्थियों को अध्ययन करने में तथा लंबे समय तक बैठने में अधिक सरलता होगी। ज्ञातव्य हो कि पिछले दिनों में ग्राम रावन में 26 सेट, झीपन में 35 सेट, गुमा में 44 सेट



अब तक कुल 203 बेंच डेस्क सेट प्रदान किया जा चुका है। समस्त पदाधिकारियों एवं शिक्षकों ने कंपनी द्वारा इस सहयोग ▶▶ शेष पेज 13

### 116 पौवा शराब जब्त महिला गिरफ्तार

**भाटापारा।** थाना भाटापारा शहर पुलिस ने नेहरू वार्ड भाटापारा में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाली एक महिला के कब्जे से 116 पौवा देशी मसाला शराब जब्त की है। जब्त शराब की 13,160 रुपए आंकी गई है। भाटापारा शहर पुलिस ने बताया कि नेहरू वार्ड निवासी 55 वर्षीय कुंती साहू द्वारा अवैध शराब बिक्री किए जाने की सूचना मिली थी। सोमवार को पुलिस की टीम कुंती साहू के घर पहुंची, जहां घेराबंदी कर जांच में 116 पौवा देशी मसाला शराब मिली, जिसे पुलिस ने जब्त किया और आरोपी महिला के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट कायम कर गिरफ्तारी के बाद न्यायालय के समक्ष पेश किया।

## मंगलम कालोनी में हिंदू नववर्ष मना



बलौदाबाजार। चैत्र मास में नवरात्रि के प्रथम दिवस एवं हिन्दू नववर्ष पर मंगलम कॉलोनी में कलश यात्रा, भंडारा एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम 5 .30 बजे मंगलम कालोनी के मुख्य गेट से शिव मंदिर तक भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में कॉलोनी के समस्त महिलाएं एवं बच्चे सम्मिलित हुए। तत्पश्चात कॉलोनी में 8 से रात 10 बजे तक विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। साथ ही श्याम मित्र मंडल भाटापारा द्वारा भजन संध्या का कार्यक्रम भी रखा गया। उक्त कार्यक्रम में मंगलम कॉलोनी के समस्त निवासी एवं आसपास के लोग शामिल थे।

### विकास के लिए वहां स्वास्थ्य, शिक्षा व मनोरंजन की उपलब्धता जरूरी

# डॉक्टर के प्रति मरीज के मन में विश्वास जरूरी : सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार



वर्तमान समय में चिकित्सा का क्षेत्र सेवा की बजाय प्रोफेशनल होने से विश्वसनीयता में कमी आई है। लोग बेहतर चिकित्सा के लिए प्रदेश की बजाय हैदराबाद, मुंबई, कोयमबटुर, विशाखापटनम जा रहे हैं। चूंकि वहां कम खर्च में अच्छी चिकित्सा सुविधा मिल जाती है। सोमवार को नगर में राधाकृष्ण मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल साहू नर्सिंग होम यूनिट 2 के शुभारभ समारोह में मुख्य अतिथि सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने उक्त उद्गार व्यक्त करते हुए हॉस्पिटल के डायरेक्टर सहित साहू परिवार को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा डॉक्टर के प्रति मरीज के मन में विश्वास होना जरूरी है। मरीज दवाई के साथ डॉक्टर ▶▶ शेष पेज 13 पर

### चिकित्सा सुविधा आज के समय की मुख्य आवश्यकता : मंत्री टंकराम

समारोह की अध्यक्षता करते हुए विधायक व राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि रोटी, कपड़ा और मकान के साथ–साथ आज चिकित्सा सुविधा भी लोगों की मुख्य आवश्यकता बन गई है। हॉस्पिटल के शुभारंभ होने से क्षेत्र के लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा प्राप्त होगी।



### न्यूनतम खर्च पर मरीजों को मिले अच्छी स्वास्थ्य सुविधा : शर्मा

इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता एवं भाटापारा के पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य व राजनीति को सेवा का क्षेत्र माना जाता है, लेकिन आजकल यह तीनों क्षेत्र प्रोफेशनल बन चुका है तथा सभी का एक मात्र उद्देश्य अर्थ अर्जित करना है। उन्होंने हॉस्पिटल के डायरेक्टर कृष्ण कुमार साहू द्वारा न्यूनतम खर्च में मरीजों को अच्छी चिकित्सा सुविधा देना व जरूरतमंदों के निःशुल्क इलाज भी करने संबंधी कही गई बात की प्रशंसा करते हुए क्षेत्रवासियों को अच्छी सुविधाएं देने के लिए साहू परिवार के सभी सदस्यों के प्रति आभार जताया।

## जिला बॉडीबिल्डर्स एसोसिएशन के नवनीत अध्यक्ष एवं जयेश बने सचिव




सिमगा। 15वीं जूनियर मेन्स, मास्टर्स एवं दिव्यांग की नेशनल बॉडीबिल्डर्स चैंपियनशिप 2025 बिलासपुर में आयोजित की गई। यह आयोजन छत्तीसगढ़ प्रदेश बॉडीबिल्डर्स एवं बिलासपुर जिला बॉडीबिल्डर्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस आयोजन में नवनीत मिश्रा को अध्यक्ष एवं जयेश पंजवानी को सचिव पद के रूप में पदाधिकारी चयनित कर उन्हें सम्मानित किया गया। दोनों ही पदाधिकारी खेल के लिए समर्पित हैं और बालौदाबाजार के खिलाड़ियों के लिए यह नींव का पत्थर साबित होगा। यह आयोजन इंडियन बॉडी बिल्डर्स फेडरेशन संबंधित वर्ल्ड बॉडीबिल्डिंग एंड फिजिक स्पोर्ट्स फेडरेशन, एशियन बॉडीबिल्डिंग एंड फिजिक स्पोर्ट्स फेडरेशन से संबंधित है। इस आयोजन में वर्ल्ड बॉडीबिल्डिंग के जनरल सेक्रेटरी चेतन पठारे, ▶▶ शेष पेज 13 पर

# राज्य में 55 लाख वाहन, इनमें सिर्फ 60 हजार गाड़ियों की ही बदली नंबर प्लेट, 15 अप्रैल से होगी सख्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के मुताबिक, सभी वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाना अनिवार्य है। इसकी अंतिम तिथि 31 मार्च 2025 निर्धारित की गई है। राज्य में 55 लाख के करीब पुराने वाहन हैं, जिनमें हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगानी है। इनमें से महज 60 हजार लोगों ने अपनी गाड़ियों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाई हैं। 20 हजार के करीब लोगों ने नंबर प्लेट बदलवाने ऑनलाइन आवेदन जमा किए हैं। हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट बदलवाने में देरी की वजह मोबाइल नंबर अपडेट नहीं होना बताया जा रहा है।

अतिरिक्त परिवहन आयुक्त डी. रविशंकर के अनुसार वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाने सरकारी के साथ निजी संस्थानों से संपर्क किया जाएगा। उनसे अपील की जाएगी कि जिन लोगों के वाहनों में एचएसआरपी नहीं लगा है, उनके वाहनों को अपने संस्थान के अंदर प्रवेश नहीं करने दें। साथ ही ट्रैफिक पुलिस की मदद से वाहन मालिकों को 15 अप्रैल तक अनिवार्य रूप से हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाने समझाइश दी जाएगी। इसके बाद भी वाहन मालिक अपने वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं लगवाते हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई कर जुर्माना वसूल किया जाएगा।

खास खबर

**एचएसआरपी लगवाने सरकारी के साथ निजी संस्थानों को प्रेरित किया जाएगा**

### मोबाइल नंबर अपडेट नहीं होने से देरी

पुराने वाहनों के आरसी में मोबाइल नंबर अपडेट नहीं होने के कारण नंबर प्लेट लगाने की प्रक्रिया में विलंब हो रहा है। अधिकांश वाहन मालिकों द्वारा मोबाइल नंबर बदलने, इसकी जानकारी नहीं देने के कारण नंबर प्लेट के साथ अटैच करने में परेशानी हो रही है। इस तरह की समस्या आने पर आवेदनकर्ता अपना मोबाइल नंबर अपडेट कराएगा, उसके बाद आवेदनकर्ता अपने वाहन में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवा पाएगा। मोबाइल नंबर अपडेट कराने में एक सप्ताह तक का समय लग सकता है। आवेदनकर्ता ऑनलाइन अथवा परिवहन सेवा केंद्र या परिवहन कार्यालय में जाकर अपना मोबाइल नंबर अपडेट करा सकता है।



फाइल फोटो

### वाहनों के लिए ये दरें निर्धारित

टू-व्हीलर मोटरसाइकिल, स्कूटर, मोपेड के अलावा ट्रैक्टर, पॉवर टिलर व ट्रेलर में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाने के लिए जीएसटी सहित 365.80 रुपए, थ्री व्हीलर के लिए 427.16, लाइट मोटर व्हीकल, पैसेंजर कार के लिए 656.08 और 705.64 रुपए शुल्क निर्धारित है। ऑटो डीलर के पास जाकर नंबर प्लेट बदलवाने पर अतिरिक्त सौ रुपए इंस्टालेशन चार्ज लगेगा।

### दो जोन में बंटे आरटीओ कार्यालय

हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाने राज्य के सभी जिलों के परिवहन कार्यालय को दो जोन में बांटा गया है। जोन-ए के अंतर्गत रायपुर, बिलासपुर, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, बीजापुर, सुकमा, नारायणपुर, बलरामपुर, सूरजपुर, कोंडागांव, मुंगेली, बेमेतरा, कवर्धा, कोरबा और जांजगीर-चांपा शामिल हैं। वहीं जोन-बी में रायगढ़, गरियाबंद, जशपुर, धमतरी, बलौदाबाजार, महासमुंद, राजनांदगांव, बालोद, दुर्ग, दंतेवाड़ा, कांकेर, अंबिकापुर, बैकुंठपुर और जगदलपुर आरटीओ कार्यालय शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### पारधी बोले- न केस दर्ज न कोई वारंट

**रायपुर।** कुनबी समाज के अध्यक्ष डीआर पारधी ने रामेश्वर नाकतोड़े द्वारा लगाए गए संगठन में चुनाव नहीं कराने तथा समाज के कार्यालय को कब्जा करने के आरोप को निराधार बताया। उन्होंने कहा कि न उनके खिलाफ कोई केस दर्ज हुआ है और न ही कोई वारंट जारी हुआ है। समाज के अध्यक्ष ने रामेश्वर पर समाज को भ्रमित करने का आरोप लगाया है। डीआर पारधी ने बताया कि रामेश्वर निरंतर कई तरह की अफवाहें फैलाने का काम कर रहे हैं। समाज के अध्यक्ष के मुताबिक, रामेश्वर का वर्तमान में सामाजिक परिप्रेक्ष्य से कोई सरोकार नहीं है। वर्तमान में उनका जो सामाजिक संगठन है, उनके द्वारा कई सामाजिक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इस वजह से समाज से जुड़े लोगों द्वारा समर्थन मिल रहा है।

### पाली के मंडल अध्यक्ष और महामंत्री निष्कासित

**रायपुर।** भाजपा के प्रदेश संगठन ने कोरबा में कोयले की वर्चस्व की लड़ाई में हुई हत्या के मामले को गंभीरता से लेते हुए इस मामले में आरोपी बनाए गए पाली के मंडल अध्यक्ष के साथ ही मंडल महामंत्री को भी पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया है। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ने पाली के मंडल अध्यक्ष रोशन सिंह को पार्टी से निष्कासित कर दिया है। प्रदेश के महामंत्री जगदीश रामू रोहरा के नाम से जारी आदेश पत्र में लिखा गया है, पाली क्षेत्र में घटित घटना में आपके ऊपर गंभीर आरोप लगे हैं, इसको देखते हुए आपको पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित किया जाता है।

### बिरगुड़ी में रामचरित मानस 3 से

**नगरी।** ग्राम बिरगुड़ी में इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रि पर ग्रामवासियों के सहयोग से तीन दिवसीय रामचरित मानस सम्मेलन का आयोजन 3 अप्रैल से किया जा रहा है। कुल 36 मंडलियों की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी मानस सम्मेलन अध्यक्ष अकबर कश्यप ने दी है।

### कनेरी में रिकार्डिंग डांस 31 मार्च को

**पुरूर।** चैत्र नवरात्रि पर कंकालिन मैया मंदिर कनेरी में रिकार्डिंग डांस का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर समिति के अध्यक्ष जनार्दन सिन्हा, लक्ष्मीनारायण साहू ने बताया कि 31 मार्च को रात्रि 8 बजे से रिकार्डिंग डांस प्रतियोगिता रखी गई है। एकल प्रतिभागी को प्रथम पुरस्कार 15 सौ रूपये, द्वितीय एक हजार रूपये, तृतीय पुरस्कार 751 रूपये प्रदान किया जायेगा। इसी प्रकार रिकार्डिंग डांस में प्रतिभागी को प्रथम पुरस्कार 3000 रूपये, द्वितीय 2000 रूपये एवं तृतीय पुरस्कार 1000 रूपये दिया जायेगा।

### नवोदय में चयन होने पर कराया न्योता भोज

**धमतरी।** शासकीय प्राथमिक शाला धौराभाठा की छात्रा रोशनी साहू का चयन नवोदय विद्यालय कुरुद के लिए हुआ है। वह मनोज-झामिन की पुत्री हैं। अपने चयन की ख़ुशी में उन्होंने न्योता भोज अंतर्गत स्कूली बच्चों को समोसा प्रदान किया। इस उपलब्धि पर एसएमसी अध्यक्ष धनंजय साहू, ग्वालसिंह साहू, प्रधानपाठक लीलाराम साहू, शिक्षक स्टॉफ राकेश चंद्राकर, रोशनलाल ध्रुव, तामेश्वर निषाद, हेमलता रात्रे, नोरेंद्र जोशी, पूर्णिमा साहू, त्रियामा ध्रुव, संकुल प्राचार्य गेवाराम नेताम, संकुल समन्वयक हेमंत सोनकर, दानीराम साहू, भूपाल साहू, छन्नूराम साहू समेत अनेक ग्रामीणों ने हर्ष जताया है।

## बिरगांव निगम में 3 अप्रैल को 149 करोड़ का अनुमानित बजट पेश करेंगे महापौर

# पिछले बजट में नौ सुविधाओं का दावा, सिर्फ सीसीटीवी ही लगा पाए, छह प्रोजेक्ट अधूरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बिरगांव नगर निगम ने पिछले बजट में करीब डेढ़ लाख आबादी को 249 करोड़ में नौ सुविधाएं देने का दावा किया था, इनमें सिर्फ एक सुविधा ही दे पाए हैं। पेयजल प्रदाय का काम अभी तक शत-प्रतिशत आकार नहीं ले पाया है। फिर भी निगम ने इस गर्मी में किराए के टैंकर से मुक्ति पा ली है। इसके अलावा जनता को मिलने वाली पांच सुविधाएं अधूरी हैं। वहीं खेल मैदान का काम ही शुरू नहीं हुआ, 100 मोटरपंप और बोर में वाटर हार्वेस्टिंग लगाने का मसौदा फिलहाल फाइलों में है।

हरिभूमि सरोकार

रायपुर निगम के बाद अब बिरगांव निगम ने 2025-26 के लिए 3 अप्रैल को बजट पेश करने के लिए तैयारी शुरू कर दी है। बताया जाता है कि इस साल का बजट करीब 149 करोड़ का होगा। वहीं पिछला बजट 249 करोड़ यानी 100 करोड़ ज्यादा का था, क्योंकि उसमें जल आवर्धन को शामिल किया गया था। इस बार सिर्फ 10 करोड़ के आसपास ही जलप्रदाय का बजट रहने वाला है। हरिभूमि ने पड़ताल में पाया कि जो दावे पिछले बजट में किए गए, उनमें से छह प्रोजेक्ट अभी तक अधूरे हैं, इसके चलते लोगों को सुविधाएं अधूरी ही मिल पा रही हैं। इसलिए अभी और इंतजार करना पड़ेगा। खेल मैदान निर्माण विवाद का हिस्सा बनकर रह गया है। भूमिगत जल संरक्षण के लिए तैयार किए गए प्लान को सरकार से मंजूरी नहीं मिली है।



*मरीन ड्राइव की सुविधा दूर की कौड़ी*
*औद्योगिक क्षेत्र से घिरे बिरगांव निगम क्षेत्र के 40 वार्डों में निवास करने वाली जनता के लिए एक भी ऐसा स्पॉट नहीं है, जहां वे अपने परिवार के साथ मनोरंजन कर सकें। अभी तक गार्डन का काम अधूरा है। दो तालाबों को मरीन ड्राइव की तर्ज पर विकसित करने की प्रक्रिया भी दूर की कौड़ी नजर आ रही है। मोतीसागर तालाब का निर्माण एजेंसी ने शुरू किया है, लेकिन दो महीने में इसे पूरा करना आसान नहीं है। जून से बरसात शुरू होने पर काम फिर से रुकने की स्थिति है। खदान डबरी का अभी तक काम भी जिम्मेदारों ने शुरू नहीं कराया है।*

*इस बजट सत्र में भी प्रश्नकाल : बिरगांव निगम वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 3 अप्रैल को दोपहर 12 बजे बजट पेश करने की तैयारी में है। इसमें पहले वार्ड प्रतिनिधियों के प्रश्नकाल और उनके उत्तर का सिलसिला चलेगा। इसके बाद ही महापौर द्वारा बजट पेश किया जाएगा। तीसरे क्रम पर निगम क्षेत्र में रहने वाले लोगों द्वारा जाति एवं मूल निवास के लिए घोषणा की जाएगी। इसके अलावा सड़क, नाला निर्माण के लिए तैयार मसौदे को लेकर सामान्य सभा में सहमति बनाई जाएगी। इसके अलावा वार्डों में सड़क व नाली निर्माण के प्रस्ताव को लेकर भी वैचारिक मंथन होने वाला है।*

### अंतिम चरण में हैं कई प्रोजेक्ट

पिछले बजट में जिन सुविधाओं का दावा किया, उनमें सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे को प्राथमिकता से पूरा किया है। जलप्रदाय सहित दूसरे प्रोजेक्ट अंतिम चरण में हैं। खेल मैदान निर्माण में विवाद और वाटर हार्वेस्टिंग के लिए सरकार से बजट नहीं मिला, इसके लिए भी प्रयास किया जा रहा है।

\- **नंदलाल देवांगन,** महापौर, ननि बिरगांव

### जुबानी दावे फेल, देख रही जनता

जिन सुविधाओं का दावा महापौर ने पिछले बजट में किया, वे सभी जुबानी दावे फेल हो गए हैं। अब नई जुमलेबाजी की तैयारी है। क्षेत्र की जनता इसे गंभीरता से देख और समझ रही है। जरूरी सुविधाओं को प्राथमिकता से पूरा करने को लेकर नीयत भी नहीं है।

\- **ओमप्रकाश साहू,** नेता प्रतिपक्ष, ननि बिरगांव

### पिछले बजट में इन सुविधाओं का दावा

- मोतीसागर तालाब और खदान डबरी तालाब को मरीन ड्राइव की तर्ज पर विकसित करना, इनमें सिर्फ मोतीसागर का काम शुरू करा पाए।
- रावांभाठा और उरकुरा में आधुनिक सुविधाओं से युक्त मांगलिक भवन बनाने का दावा, दोनों भवन अभी तक निर्माणाधीन ही रह गए हैं।
- बिरगांव निगम क्षेत्र के मुख्य मार्गों को सीसीटीवी कैमरे से कवर करने का दावा निगम ने पूरा कर लिया है। यह सुविधा लोगों को मिल रही है।
- आरटीओं आफिस के पास लोगों को मनोरंजन की सुविधा देने के लिए गार्डन का निर्माण कराने का दावा, काम अभी तक अधूरा ही है।
- खारुन से बिरगांव क्षेत्र में जलप्रदाय एवं आवर्धन योजना का काम अभी तक पूरा नहीं हुआ, लेकिन निगम ने किराए के टैंकर से मुक्ति पाई।
- निगम क्षेत्र के मोटरपंप एवं बोर में पहले फेज में 100 जगह वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने का दावा किया, जो बजट नहीं मिलने से फाइलों में है।
- रावांभाठा में खेल मैदान की सुविधा युवाओं को अभी तक नहीं दे पाए, एजेंसी ब्लैक लिस्टेड और नई एजेंसी से काम कराने में कानूनी पेच फंसा है।

# हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सेजबहार में पानी के लिए चक्काजाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सेजबहार में पिछले तीन दिनों से नल में पानी नहीं आने से लोग परेशान हैं। इसके विरोध में रविवार सुबह कॉलोनीवासियों ने चक्काजाम कर दिया। इस दौरान लोग समिति और हाउसिंग बोर्ड के खिलाफ नारेबाजी कर लगभग तीन घंटे तक सड़क पर बैठकर प्रदर्शन करते रहे।

कलेक्टर द्वारा बिजली विभाग के अफसरों को निर्देशित किया गया। इसके बाद ही बिजली कनेक्शन जोड़ा गया। दरअसल हाउसिंग बोर्ड द्वारा जनकल्याण समिति को कॉलोनी का ठेका दिया गया है। लोगों का कहना है कि समिति द्वारा पैसे तो लिए जा रहे हैं, लेकिन बिजली बिल का भुगतान नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण बोर पर लगा बिजली कनेक्शन काट दिया गया, इससे लोगों को पानी सप्लाई नहीं की जा रही थी, लेकिन रविवार को लोगों का आक्रोश बढ़ गया और वे सड़कों पर उतर आए। बताया गया है कि जनकल्याण समिति ने लगभग एक करोड़ रुपए का बिजली बिल नहीं पटाया है। इसके कारण ही यह समस्या उतपन्न हो रही है। लोगों का कहना है कि हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी ग्राम पंचायत को हैंडओवर कराई जाए, इसके बाद ही समस्या का निराकरण हो सकेगा।

### पहले दिन अभनपुर मेमू से टकराई गाय, मौत

**रायपुर।** अभनपुर मेमू ट्रेन के परिचालन के पहले ही दिन एक दुखद घटना हो गई। ट्रेक पर खड़ी एक गाय ट्रेन से टकरा गई, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। यह घटना अभनपुर से लगभग 6 किलोमीटर दूर उस समय हुई, जब ट्रेन 4 बजे अभनपुर से रवाना होकर रायपुर की ओर जा रही थी। इसी दौरान केंद्री से पहले एक गाय पटरी के किनारे खड़ी थी। जैसे ही लोको पायलट ने हार्न बजाया, गाय ट्रेन की आवाज सुनकर पटरी की ओर बढ़ी और इंजन का हिस्सा गाय के सिर से टकरा गया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के वक्त ट्रेन की रफ्तार लगभग 70 से 75 किलोमीटर प्रति घंटे थी। रेलवे को उम्मीद नहीं थी।

# आरडीए ने हटाया कौशल्या माता विहार से अवैध कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



रायपुर विकास प्राधिकरण ने रविवार को कौशल्या माता विहार के सेक्टर-3 में किए जा रहे अवैध कब्जे को जिला प्रशासन, नगर निगम और पुलिस प्रशासन की मदद से हटाया।

प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुंदन कुमार के निर्देश पर 3 दिन पहले कब्जा हटाने की कार्रवाई की गई थी। श्री कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि यह सुनिश्चित किया जाए, भविष्य में संबंधित भूमि पर कोई अवैध कब्जा न हो। प्राधिकरण की अतिरिक्त सीईओ शिम्मी नाहिद के अनुसार, अफवाह के आधार पर किए जा रहे कब्जे में गोकुलनगर, बोरियाखुर्द, लालपुर और संतोषीनगर की महिलाएं बोरिया तालाब की खुली जगह पर कब्जा कर रही थीं। वे बांस, बल्ली, चादर, बोरा और रस्सी तथा साड़ियां लगाकर जमीन पर कब्जा करने और झोपड़ी बनाने की कोशिश कर रही थीं।

कब्जे के दौरान कुछ ऐसे लोग भी देखे गए, जो कार में आए और कब्जा करने वालों को प्रोत्साहित करते दिखे। वहीं कब्जा करने वाली महिलाओं को शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने के कारण पुलिस उन्हें टिकरापारा थाने ले गई।

रविवार को हुई इस कार्रवाई में जिला प्रशासन की ओर से तहसीलदार प्रकाश सोनी, नगर निगम के सहायक अभियंता योगेश यदु, उप अभियंता रवि साहू, टिकरापारा पुलिस, प्राधिकरण की ओर से अधीक्षण अभियंता एमएस पांडे, कार्यपालन अभियंता सुशील शर्मा, उप अभियंता कीर्ति कैमरो, राकेश मनहरे शामिल थे।

# मूणत और चंद्राकर के साथ गदगद दिखे प्रधानमंत्री मोदी...



**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के छत्तीसगढ़ दौरे के दौरान नागपुर से रायपुर पहुंचने पर माना विमानतल पर भाजपा सांसद, विधायक और भाजपा नेताओं ने स्वागत किया। इस दौरान पुराने साथियों से मिलकर पीएम श्री मोदी और साथी भी गदगद हुए। एक तस्वीर में विधायक राजेश मूणत और अजय चंद्राकर पीएम का स्वागत करते हुए काफी प्रसन्न मुद्रा में नजर आ रहे हैं। पीएम भी इनके साथ मिलकर मुस्कुरा रहे हैं। रायपुर में पीएम का स्वागत सांसद बृजमोहन अग्रवाल, दुर्ग के सांसद विजय बघेल, कांकेर के सांसद भोजराज नाग, प्रदेश के मंत्री केदार कश्यप, विधायक राजेश मूणत, सुनील सोनी, मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, गुरु खुशवंत सिंह, महापौर मीनल चौबे, पूर्व राज्यसभा सांसद और भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय सहित कई भाजपा नेताओं ने किया।

## मार्च में ही डिमांड 64 सौ मेगावाट, आगे 67 सौ मेगावाट तक जा सकती है खपत

# खपत में इजाफा उत्पादन कम बिजली संयंत्र अभी से हांफ रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में बिजली की डिमांड 64 सौ मेगावाट तक पहुंच गई है। आगे खपत के 67 सौ मेगावाट तक जाने की संभावना है, लेकिन गर्मी में सबसे बड़ी समस्या यह भी है कि छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के उत्पादन संयंत्र कभी भी हांफ जाते हैं। एक दिन पहले ही 250 और 210 मेगावाट के संयंत्र बंद पड़ गए। ऐसे में सेंट्रल सेक्टर से 42 सौ मेगावाट से ज्यादा बिजली लेनी पड़ी। अब ये संयंत्र फिर से प्रारंभ हो गए हैं। आने वाले समय में भरी गर्मी में संयंत्रों ने साथ नहीं दिया तो बड़ा बिजली संकट भी संभव है। ऐसा होने से बिजली कटौती करने के अलावा कोई चारा नहीं रहेगा। मार्च में ही पारा लगातार आसमान पर जा रहा है। प्रदेश में कई स्थानों पर पारा अभी से 40 डिग्री के करीब पहुंच गया है। ऐसे में बिजली की खपत में भी लगातार गर्मी आ रही है। पूरे देश में इस समय बिजली की खपत बढ़ गई है। अपने राज्य में पहली बार मार्च में ही रिकॉर्ड खपत 63 सौ मेगावाट के पार होकर 64 सौ मेगावाट के करीब पहुंच गई है। पीकऑवर में रोज खपत 62 से 63 सौ मेगावाट तक जा रही है। हालांकि पॉवर कंपनी के पास आमतौर पर इससे ज्यादा बिजली रहती है।



### मार्च में पहली बार इतनी खपत

मार्च में आमतौर पर बिजली की खपत इतनी ज्यादा नहीं होती है, जितनी अभी हो रही है। पहले फरवरी में खपत छह हजार मेगावाट के पार गई। इसके बाद मार्च में यह खपत 62 सौ मेगावाट के पार हुई। अब मार्च में ही खपत 64 सौ मेगावाट के करीब पहुंच गई है। 17 मार्च को पीकऑवर में खपत 6376 मेगावाट तक गई। इस समय अपने संयंत्रों में उत्पादन 25 सौ मेगावाट के करीब हो रहा था। ऐसे में सेंट्रल सेक्टर से करीब 37 सौ मेगावाट बिजली ली जा रही थी। 16 मार्च को पांच सौ मेगावाट का एक संयंत्र बंद होने के कारण सेंट्रल सेक्टर से 42 सौ मेगावाट तक बिजली लेनी पड़ी।

### गर्मी में हांफ जाते हैं संयंत्र

पॉवर कंपनी के अधिकारियों का तो दावा है कि गर्मी को देखते हुए बिजली की भरपूर व्यवस्था की गई है। इसमें संदेह नहीं है कि अगर खपत 65 से 67 सौ मेगावाट तक भी गई तो परेशानी नहीं होगी, क्योंकि अपना उत्पादन 25 से 26 सौ मेगावाट हो जाता है, लेकिन यह तब की स्थिति है, जब पूरे संयंत्र चलते हैं। सभी संयंत्र चलते रहे तो सेंट्रल सेक्टर से चार हजार मेगावाट तक बिजली लेकर पूर्ति हो जाएगी, लेकिन अपने संयंत्रों में खराबी आने पर परेशानी हो सकती है। हमेशा गर्मी में अपने संयंत्र हांफ जाते हैं। किसी न किसी संयंत्र में खराबी आती है। शनिवार को ही दो संयंत्र हांफ गए और इनके बंद होने के कारण बिजली की कमी हो गई तो सेंट्रल सेक्टर से ज्यादा बिजली लेनी पड़ी। इसके पहले भी मार्च में ही तीन दिनों में ही दो संयंत्रों में खराबी आई थी। हालांकि इसको एक दिन में ठीक कर लिया गया। अगर किसी संयंत्र में बड़ी खराबी आई और ज्यादा दिनों तक संयंत्र नहीं बन सका तो बिजली कटौती की स्थिति आ सकती है। बीते साल भी गर्मी में बिजली कटौती की स्थिति आई थी। हालांकि अधिकारी कटौती न होने का दावा करते हैं, लेकिन उद्योगों में जहां घोषित कटौती की जाती है, वहीं ग्रामीण क्षेत्र में अघोषित कटौती होती है। इस समय में कई ग्रामीण क्षेत्रों अघोषित कटौती की बात सामने आ रही है।

# नवनिर्वाचित पार्षद तिवारी का किया अभिनंदन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दुबेलिया तेली साहू समाज रायपुर ब्लॉक द्वारा नवनिर्वाचित पार्षद आकाश तिवारी का साहू भवन में भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इसके बाद पार्षद आकाश तिवारी ने माता कर्मा का आशीर्वाद लिया। इसी दौरान समाज के लोगों ने राजा तालाब साहू समाज भवन में आयोजित भक्ति माता कर्मा की शोभायात्रा निकाली, यह शोभायात्रा राजा तालाब के मुख्य मार्गों से होते हुए दुर्गा चौक, दुर्गा मैदान, गांधी चौक, शिव मंदिर होते हुए साहू भवन पहुंची। इस शोभायात्रा में समाज के अध्यक्ष भोलाराम साहू, भुनेश्वर साहू, ठाकुर राम साहू, गणेश राम साहू, चंद्रकांत राम साहू, मोहन साहू, तुलसी साहू सहित महिला साहू समाज की भी महिलाएं विशेष रूप से शामिल हुईं।

## खबर संक्षेप



### झूलेलाल जयंती पर शोभा यात्रा का किया स्वागत

**महासमुंद।** शहर में भगवान झूलेलाल जयंती पर सिंधी समाज द्वारा शोभायात्रा निकाली गई। जिसका भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने लोहिया चौक में स्वागत किया। उन्होंने कहा कि चेट्रीचंड सिंधी समाज का सबसे बड़ा त्योहार है, जिसे सिंधी नववर्ष के रूप में मनाया जाता है। यह भगवान झूलेलाल (वरुण देव के अवतार) के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इस दिन को सिंधी समाज धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक गर्व और सामाजिक एकता के प्रतीक के रूप में मनाता है।



### नवरात्र पर खरोरा में ज्योति प्रज्ज्वलित

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में रविवार को चैत्र नवरात्रि पर्व पर ज्योति प्रज्ज्वलित की गई। साथ ही जवारा बोया गया। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि चैत्र नवरात्रि में जंवारा बोने की परंपरा सदियों से चली आ रही है। मान्यता है कि बिना जंवारा के माता आदिशक्ति दुर्गा की पूजा अधूरी मानी जाती है। धर्म के मान्यताओं के अनुसार जवारा के बोने से उगने और उसके रंग से कई तरह के संकेत मिलते हैं, जंवारा खुशहाली का प्रतीक होता है। चैत्र नवरात्रि पर्व पर 9 दिनों तक माता रानी की सेवा भजन करते हैं। माता रानी की सेवा में भक्तगण जुटे हुए हैं। इसमें भूषण धीवर, रामानंद, अश्वनी, अंरुणा, सरस्वती, कविता, मोक्षा, सागर, पोखन, सुखिया, पायल आदि शामिल है।



### बेमचा खल्लारी में 589 ज्योति प्रज्वलित

**महासमुंद।** चैत्र नवरात्र पर ग्राम बेमचा स्थित मूल खल्लारी सिद्ध शक्ति पीठ में ज्योति प्रज्वलित की गई है। यहां कुल 589 ज्योत प्रज्वलित है। यह उक्त जानकारी समिति के मीडिया प्रभारी रविकांत चंद्राकर ने दी है।



### पीएम आवास में किया प्रवेश

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत सिंघनपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत हितग्राहियों का गृह प्रवेश किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सरपंच मति झालबाई राय, देवेंद्र राय, रामेश्वर साहू, सुन्दर कुर्रे, लालजी भारती, चैतराम यादव, जया आवड़े, किरण निषाद, रुपसिंग निषाद, नीलमणि निषाद, भोलाराम निषाद, आवास मित्र हेमंत जांगड़े, हेमंत निषाद, अनिल निषाद, महेंद्र निषाद, फूलचंद यादव, द्रोपती निषाद, उमेश्वरी निषाद आदि शामिल रहे।

## पर्व विशेष : नए पोशाक में विशेष नमाज अता करने ईदगाह भाठा पहुंचे मुस्लिम समुदाय के लोग

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईदउलफितर का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

सुन्नी हन्फी जामेअ मस्जिद जमात द्वारा सोमवार को ईदगाह भाटा में हर्षोल्लास के साथ ईदउलफितर का त्यौहार मनाया गया। सुबह से छोटे बड़े बुज़ुर्ग ईदगाह पहुंचे। जहां ईद उल फितर की नमाज़ अदा की गई। ईदुउलफितर ये दुनियाभर में मनाया जाने वाला प्रमुख त्यौहार है, इसे मीठी ईद के नाम से भी जाना जाता है। ईद-उल-फित्र का आयोजन इसीलिए किया जाता है, क्योंकि रमजान के पूरे महीने में अल्लाह की इबादत की जाती है और रोजा रखने का अवसर प्राप्त होता है। ईद की नमाज में अल्लाह का शुक्रिया अता की जाती है।

बता दें कि सुन्नी हन्फी जामेअ मस्जिद के मौलाना ईरफानुलहक कादरी साहब ने ईद की नमाज़ पढ़ाई और मुल्क में अमन चैन व सुकून की दुआ की गई। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नमाज़ के बाद कब्रिस्तान जाकर अपने बुजुर्गों के लिए अल्लाह पाक परवरदिगार से मगफिरत की दुआएं की और सभी मुस्लिम समुदाय ने एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इस दौरान कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा, पूर्व नप अध्यक्ष जुगराज बघेल व थाना प्रभारी सिन्हा ईदगाह भाठा पहुंचे। जहां गले मिलकर मुस्लिम समुदाय को ईद की बधाई दी।

बता दें कि मुस्लिम समुदाय रमज़ान उलमुबारक के एक माह के रोज़े मुकम्मल करने के बाद ईदउलफितर का त्योहार मनाते हैं। दिनभर सेवइयों का दौर चलता रहता है। सभी अपने अपने सगे संबंधियों के घर जाकर मीठी सेवइयों का लुत्फ उठाते हैं। इस त्यौहार में मुस्लिम समुदाय अत्यंत गरीब बेसहारा लोगों की मदद करते हैं। क्योंकि, इस त्योहार में मुस्लिम समुदाय द्वारा फितरा जकात निकाला जाता है। ताकि, कोई गरीब मायूस ना हो और सभी इस पैसे से अपने अपने बच्चों के साथ ईद की खुशियां मना सके। तमाम महीनों का सरदार और पवित्र माह रमजान के समाप्ति के बाद ईद उल फितर का त्योहार मनाया जाता है। रमजान में मुस्लिम समुदाय अल्लाह की इबादत के रूप में रोजा रखता है। रमजान को रहमतों और बरकतों का महीना भी कहा जाता है। रमजान के बाद रोजेदारों के लिए अल्लाह का इनाम ईदउलफितर का त्यौहार मनाया जाता है। पाक महीने रमजान के बाद आने वाला यह त्यौहार ईदउलफितर अल्लाह ताला की ओर से रोजेदारों के लिए एक तोहफा होता है। भाईचारे का यह त्यौहार एक दूसरे को गले लगाकर नफ़रत को मिटाने का संदेश देता है। ईद उल फितर ऐसा त्यौहार है, जो सभी को इंसानियत का पैगाम देता है। मुसलमान रमजान के एक माह रोजे रखने के बाद उन्हे ईद का ईनाम मिलता है। ईद लोगों में बेपनाह खुशियां बांटती है और आपसी मोहब्बत का पैगाम देती है। गरीब से गरीब आदमी भी ईद को पूरे उत्साह से मनाता है। इस दिन अमीर और गरीब का अंतर मिट जाता है। खुदा के दरबार में सब एक है। अल्लाह की रहमत हर एक पर बरसती है और ईद के नमाज के बाद सब एक दूसरे से गले मिलकर बधाई देते है। वहीं दूसरी ओर रमजान और ईद में जकात और फितरा का विशेष महत्व है। क्योकि, ईद से पहले जरूरतमंदों को अपनी कमाई का कुछ हिस्सा देना फर्ज जरूरी है, जिससे गरीब से गरीब भी खुशी के साथ ईद का त्यौहार मना सके।

इस अवसर पर मुस्लिम समाज के सदर हाजी अमजद मेमन, हाजी गनी चौहन, ख़्वाजा मियां, हाजी आबीद क़ुरैशी, हाजी बशीर परमार, हाजी वारिश चौहान, फिरोज मेमन, सिकन्दर सिद्दिकी, यूनुस कुरैशी, जियाउल हक, शेख आकिब अहमद (छोटे), रफीक मेमन, नियाज अली, ल्यास मेमन, इस्माइल मेमन, कलीम वारसी, इस्माइल रजवी, फारूख मेमन, मुश्ताक अली, अब्दुल कादीर जिलानी, साजिद खान, प्यारु खान, सज्जाद खान, शहजान पाशा, बड़ा खान, बाबू साहब खान, समीर खान, फिरोज खान, गुलाम गौस, समशाद खान, नासिर खान, अय्यूब खान, अय्यूब कुरैशी, अमीर खान, सलीम खान, इमरान खान, आतिफ सिद्दिकी, अय्युब मेमन, जावेद खान, अरमान खान, गुलाम हैदर रजवी, शाहरुख़ मेमन, सलमान मेमन, सोहेल मेमन, कौनैन रजा, शेख शाहबाज, सद्दाम हुसैन, शब्बीर परमार, आसिफ वारसी, नावेद चौहान, शेख हामिद, साहिल वारसी, बिलाल खान, जावेद खान, रज्जा खान, अब्दुल रज्जाक, इरफ़ान चौहान, हलीम खान, जावेद खान, जुनैद खान, नूरानी हक़, इमरान चौहान, शकील खान, शहबाज खान, जीशान खान, बशिर खान, शेख तौकिर, शेख अफजल, शमीम खान, जावेद खान, असद सैफ गोरी, अकमल रजा, मोहम्मद रजा, अफराज तंवर, इक़बाल खान, जैनुल सिद्दीकी, हारून खान, रफीक तंवर, लतीफ तंवर, अख्तर कुरैशी, जावेद कुरैशी उपस्थित थे।





### हर्षोल्लास के साथ मनाया ईद का त्योहार, विशेष नमाज अता की





**सरायपाली।** नगर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भारी हर्षोल्लास व शांति पूर्ण रूप से ईद का त्योहार मनाया गया। ईद के त्योहार को सौहाद्रपूर्ण व शांतिपूर्ण तरीके से मनाने का आश्वासन भी सामाजिक बंधुओं ने पुलिस प्रशासन को दिया था। ईद उल फितर का पावन त्योहार सरायपाली में पूरे हर्षोल्लास और धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाया गया। प्रातः 9 बजे ईदगाह में एकत्र होकर विशेष नमाज अदा की। जामा मस्जिद सरायपाली के पेश इमाम मौलाना अब्दुल सत्तार अशरफी ने तकरीर पेश की, जिसमें उन्होंने रमज़ान के पाक महीने की बरकतों, ईद उल फितर की अहमियत और इस्लाम में इंसानियत, भाईचारे और सौहार्द की शिक्षा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ईद केवल खुशियां मनाने का नहीं, बल्कि जरूरतमंदों की मदद करने, गरीबों और बेसहारा लोगों तक खुशी पहुंचाने का भी त्योहार है। इसके बाद मौलाना अब्दुल सत्तार अशरफी की अगुवाई में ईद की नमाज अदा की गई। नमाज के बाद उन्होंने मुल्क में अमन-शांति, खुशहाली और भाईचारे की दुआ मांगी।

नमाज़ खत्म होते ही लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। पूरा माहौल खुशी और सौहार्द से भर उठा। बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी के चेहरे पर ईद की रौनक झलक रही थी। बच्चों में विशेष उत्साह देखा गया, जिन्होंने नए कपड़े पहनकर ईद की खुशियों का आनंद लिया और अपने परिवार के साथ खुशियां बांटी। ईदगाह में नमाजियों की सुविधा के लिए मुस्लिम जमात सरायपाली के अध्यक्ष हाजी शाहिद खान एवं उनकी टीम द्वारा विशेष व्यवस्था की गई थी। गर्मी को ध्यान में रखते हुए ईदगाह में टेंट और कूलर लगाए गए थे। साथ ही, सभी के लिए ठंडे पानी की समुचित व्यवस्था की गई थी ताकि, किसी को कोई असुविधा न हो।

## पीएम आवास के हितग्राहियों को कराया गया गृह प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा



जनपद पंचायत बागबाहरा के अंतिम छोर ओडिशा सीमा से लगे ग्राम पंचायत राटापाली में नवनिर्मित प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराया गया। इस तरह बिलासपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सांकेतिक गृह प्रवेश कराया। जहां से वे वर्चुअली जिले में हजारों हितग्राही को सामूहिक गृह प्रवेश कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर ग्राम पंचायत राटापाली में नवनिर्मित घरों में रंगोली साज सज्जा व पारपंरिक रीति-रिवाज के साथ गृह प्रवेश कराया गया। इस पंचायत के हितग्राही यशोदा / रजऊ मुरली, कुसुमबाई, केसर बाई, गोमती, केसर पटेल, मुन्नीबाई इत्यादि ने सपनों की घर का चाबी पाकर उत्साहित हुए। इस दौरान वहां के सरपंच पूर्णिमा सोनवानी, आवास मित्र कौशल कुमार, रोजगार सहायिका डिलेश्वरी पटेल समेत ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## सरकारी प्रशिक्षण में गए आदिवासी किसान की मौत मुआवजे की कोई कोशिश शुरू भी नहीं हुई : अंकित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि विगत जनवरी माह में बागबाहरा ब्लॉक के ग्राम डूमरडीह के वृद्ध किसान स्व. मोहन बरिहा भी ओडिशा के कालाहांडी में कृषक प्रशिक्षण के लिए कृषि विभाग की ओर से गए थे, जहां से वो पूरी होते हुए लौटने वाले थे। परंतु, रास्ते में दुर्घटना होने से उनकी मृत्यु हो गई, जिसका आज तक लगभग ढाई माह बीतने के बाद भी उनके परिवार को सहायता राशि दिलवाने कृषि विभाग की तरफ से कोई पहल नहीं की गई है। अंकित बागबाहरा को जानकारी होने के बाद परिवार से मिलने गांव पहुंचे, जहां वो मृतक की पत्नी सोनबती बरिहा से मिले व परिवार का कुशल क्षेम जाना। मृतक का पत्ता कार्ड बना हुआ है। साथ ही एक्सीडेंट बीमा व नियमानुसार परिवार सहायता राशि मिलनी है, जिस पर अभी तक विभाग द्वारा कोई समुचित लिखित शासकीय प्रयास शुरू नहीं किया गया है। जिसके कारण परिवार को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अंकित के साथ इस समय परस सोनवानी, जगन पटेल, राकेश दीवान पच व सरपंच पुत्र साहू मौजूद थे। अंकित ने बताया कि मृतक का बेटा, बहू व उसके तीन नाती-नतनिन भी है व भरे पूरे परिवार के ऊपर भारी विपत्ति आ पड़ी है, जिस विषय पर अंकित ने तत्काल उच्च अधिकारियों के संज्ञान में मामला लाकर शीघ्र मुआवजा प्रकरण के लिए मांग करेंगे। इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार पर कार्रवाई की मांग भी करेंगे। ताकि, गरीब आदिवासी को इसका लाभ मिल सके और ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो।



### लैब पैथालॉजी के नए संग्रहण केंद्र का शुभारंभ

**महासमुंद।** मां पैथालॉजी लैब व ईसीजी संस्थान का खरोरा स्थित साईं मंदिर के बाजू में नए संग्रहण केंद्र का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा द्वारा फीता काटकर किया गया। इस दौरान उनके साथ लैब संचालक ललित कुमार चक्रधारी, नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, भाजपा नेता मुन्ना लाल साहू, पत्रकार विपिन दुबे, हक़ीममुद्दीन नासिर, संजय यादव व प्रेस क्लब अध्यक्ष रत्नेश सोनी समेत नेतागण व लैब स्टॉफ मौजूद रहे।

## साइबर ठगों से सतर्क रहें, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा किसी भी प्रकार की धनराशि के लिए कॉल नहीं किया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- प्रधानमंत्री नल जल योजना के नाम दुधीपाली के सरपंच से 25 हजार की ठगी

जिले के विकासखंड बसना और सरायपाली के कई ग्राम पंचायतों के सरपंचों को साइबर ठगों द्वारा निशाना बनाया जा रहा है। ठग खुद को पीएचई विभाग, रायपुर और महासमुंद का अधिकारी बताकर फोन कर रहे हैं और प्रधानमंत्री नल जल योजना के तहत मजदूर भेजने का झांसा दे रहे हैं। इसके बदले वे पंचायत प्रतिनिधियों से यात्रा खर्च के नाम पर रकम मांग रहे हैं। बसना के दुधीपाली पंचायत में एक सरपंच से 25, 000 की ठगी हो चुकी है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखंड सरायपाली के सहायक अभियंता ने स्पष्ट किया कि विभाग द्वारा किसी भी सरपंच या पंचायत प्रतिनिधि से इस तरह की कोई राशि नहीं मांगी जा रही है। यह पूरी तरह भ्रामक और ठगी का प्रयास है। उन्होंने सरपंचों और पंचायत प्रतिनिधियों से अपील की है कि ऐसे किसी भी कॉल पर भरोसा न करें। साथ ही फोन पे, गूगल पे या अन्य माध्यम से किसी अनजान व्यक्ति को पैसे न भेजें। और संदिग्ध कॉल या मैसेज की जानकारी तुरंत पुलिस और विभागीय अधिकारियों को दें।

सहायक अभियंता सरायपाली ने बताया कि विकासखंड बसना एवं सरायपाली के ग्राम पंचायतों के सरपंचों के पास साइबर क्राइम के ठगों के द्वारा रमेश गुप्ता पीएचई विभाग रायपुर के नाम से फोन नं 9473621164 एवं योगेश कुमार पीएचई विभाग महासमुंद के नाम से फोन नं 9127269740 पर कॉल आया जिसमें उन्होंने कहा कि वे लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग महासमुंद से बात कर रहे हैं, आपके पंचायत में प्रधानमंत्री नल जल में काम करने के लिए लेबर लोग जा रहे है, उनके राशन के लिए 60000 रुपए आपके खाते में डाल रहे, बोला जा रहा है तथा 60000 रुपए में से गाड़ी खर्चा एवं रास्ते का अन्य खर्च के नाम पर 20000 रुपये फोन पे नंबर 8403856013 पर कांत शर्मा के पास भेजने कहा जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के ठगों के झांसे में न आये, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा किसी प्रकार के राशि के लिए किसी भी सरपंचों के पास कॉल नहीं किया जा रहा है। यह पूर्ण रूप से भ्रामक है। अगर किसी के पास इस प्रकार का कॉल आता है तो कृपया अपने नजदीकी थाने में रिपोर्ट करें।

## पेज 11 के शेष

### जिला बॉडीबिल्डर्स एसो. के...

इंडियन बॉडीबिल्डर्स फेडरेशन की जनरल सेक्रेटरी हिरल सेठ, छत्तीसगढ़ के जनरल सेक्रेटरी बी.राजशेखर राव एवं पंजाब के जनरल सेक्रेटरी मोनू सबरवाल, अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी कुमारी मेघा भगत एवं अन्य राज्यों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में हुआ। बलौदाबाजार के इस नए पदाधिकारी के गठन में उत्तम कुमार की भूमिका अहम रही है। वह लगातार बलौदाबाजार में बेहतर से बेहतर पदाधिकारी की नियुक्ति कर खेल को बढ़ावा दे रहे हैं।

### डॉक्टर के प्रति ...

पर विश्वास होने से जल्द ठीक होता है। सांसद बृजमोहन ने कहा कि आज वहीं क्षेत्र विकसित होगा जहां स्वास्थ्य, शिक्षा और मनोरंजन की अच्छी सुविधाएं उपलब्ध होती है। इस अवसर पर हॉस्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. केके साहू ने कहा कि 38 वर्ष से साहू नर्सिंग होम का संचालन करते हुए मरीजों का कम पैसों में बेहतर इलाज करने का प्रयास किया हूं। अपनी माता के इच्छानुसार यूनिट 2 का निर्माण किया है। भविष्य में भी अंचल के लोगों को कम पैसों में बेहतर चिकित्सा प्रदान करने का प्रयास सेवा भावना के साथ करूंगा। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन नंदकुमार साहू तथा संचालन गणेश शंकर साहू ने किया।

समारोह में उपस्थित आकांक्षा जायसवाल अध्यक्ष जिला पंचायत बलौदाबाजार, अशोक जैन अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बलौदा बाजार, सुलोचना यादव अध्यक्ष जनपद पंचायत बलौदाबाजार, मेडी लाल साहू, आनंद यादव अध्यक्ष भाजपा जिला बलौदाबाजार, प्रमोद शर्मा पूर्व विधायक बलौदाबाजार, सनम जांगड़े पूर्व अध्यक्ष भाजपा जिला बलौदाबाजार, योगेश चंद्राकर, विजय केसरवानी, पवन साहू आयोजक समिति के डॉ. केके साहू सहित मेड़ीलाल साहू, मीना साहू, डॉ. आदर्श साहू, डॉ. स्वाति, डॉ. अजित, डॉ. वर्तिका, शिवकुमार संगीता, नंदकुमार नीतू, कमलेश रूपा सहित नगर के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल रहे।

### संयंत्र ने प्राथमिक...

के प्रति आभार व्यक्त किया। इस बेंच डेस्क सेट मिलने से छात्रों में उत्साह दिखा। वितरण के अवसर पर अल्ट्राटेक रावन के सीएसआर प्रमुख विनोद श्रीवास्तव एवं सी एस आर अधिकारी ज्योत्सना पति तथा रंजय पाण्डेय एवं टीम की उपस्थित थे। अल्ट्राटेक सी एस आर प्रमुख ने कहा कि अभी कुछ प्राइमरी विद्यालय को बेंच डेस्क सेट वितरित किया गया है तथा बाकी प्राइमरी स्कूल को भी भविष्य में सहयोग प्रदान करेंगे।

### 2 से तीन दिवसीय प्रदेश स्तरीय नाचा गम्मत महोत्सव

**नर्रा।** विलुप्त हो रही नाचा गम्मत के संरक्षण संवर्धन एवं उनके उत्थान के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय नाचा गम्मत लोक कलाकार कल्याण संघ के तत्वावधान में यह महोत्सव चौथी बार आयोजित किया गया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश के 16 जिले के 455 नाचा गम्मत पार्टी द्वारा चयनित किए गए। 12 टोलियों द्वारा लगातार तीन दिनों तक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। नाचा गम्मत छत्तीसगढ़ प्रदेश सहित हमारे पड़ोसी राज्यों में से भी बहुत ही लोकप्रिय है, जिसको जीवंत रखने के लिए छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय नाचा गम्मत लोक कलाकार कल्याण संघ द्वारा निरंतर प्रयास किया जा रहा है। नाचा संघ के प्रदेश अध्यक्ष रजीत चक्रधारी ने बताया कि नाचा गम्मत स्वस्थ मनोरंजन के साथ अनेक प्रकार कि शिक्षाप्रद नाटक, जनजागृति लाने वाले सुन्दर संदेश, जैसे अंधविश्वास, नशा उन्मूलन, शासन प्रशासन के समस्त जनकल्याणकारी योजनाओं सहित अनेक सामाजिक मुद्दे को मंचन कर लोगों को जागरुकता प्रदान करने का कार्य करती आ रही है।

### चैत्र नवरात्रि उत्सव आयोजन के साथ नि:शुल्क योग शिविर का समापन

**महासमुंद।** महिला पतंजलि योग समिति के तत्वाधान में पांच दिवसीय योग शिविर का आयोजन गुरु गोविंद सिंह गार्डन बीटीआई रोड में 26 मार्च से 31 मार्च तक किया गया। जिसमें पूनम पटले जिला महामंत्री महिला पतंजलि योग समिति द्वारा चैत्र नवरात्र उत्सव मनाते हुए शिविर का समापन किया गया। जिसमें चैत्र नवरात्रि की जानकारी दी गई व प्रकृति के साथ इसका अवलोकन किया गया। सभी योग साधकों द्वारा संकल्प लिया गया कि वे भूखे को भोजन देंगे। थाली में अन्यथा भोजन नहीं छोड़ेंगे, क्रोध को त्याग देंगे, जल का दुरुपयोग नहीं करेंगे। वैदिक हवन की जानकारी देते हुए बताया गया कि प्रति माह हमें अपने घरों में घी और कपूर द्वारा हवन करेंगे, जिससे कि हमारे घर में सकारात्मकता बनी रहे। सभी वायरसों व बुराइयों का नाश हो घर में सुख शांति का वातावरण बना रहे। योगाभ्यास के साथ-साथ जड़ी बूटी रहस्य बताया गया। प्रतिदिन योग अभ्यास करके जीवन को निरोगी व स्वस्थ बनाएंगे, इसी संकल्प के साथ शिविर का समापन किया गया। इस अवसर पर भारत स्वाभिमान न्यास के जिला अध्यक्ष व राज्य कार्यकारिणी सदस्य तिलक साव, स्वाभिमान न्यास के जिला मीडिया प्रभारी संदीप पटले, आयुर्वेद चिकित्सक डॉ आदि योग साधकों द्वारा चैत्र नवरात्र उत्सव को योगमय भक्ति के साथ मनाया गया।



## खबर संक्षेप

### गोपाल सिंह ने गिधपुरी थाने में पदभार संभाला

**भवानीपुर।** पुलिस थाना गिधपुरी में थाना प्रभारी निरीक्षक गोपाल सिंह धुर्वे ने पदभार ग्रहण किया। उन्होंने संभाला लेते ही समस्त कर्मचारियों से कहा कि थाना क्षेत्र



में जितने गांव आते हैं, वहां आप सभी पेट्रोलिंग करते हुए वास्तविक स्थिति की जानकारी दें। सार्वजनिक स्थल चौक-चौराहा में कोई भी असामाजिक तत्वों के व्यक्ति दिखाई देते हैं उन्हें तत्काल उनकी पहचान करें। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति जुआ-सट्टा लिखता एवं शराब बेचता हुआ दिखाई दे उसे तत्काल कार्रवाई करें। थाना क्षेत्र में कोई भी ऐसा कार्य नहीं चलेगा। आप गांव के सरपंच, कोटवार एवं प्रमुख व्यक्तियों से मिलकर गांव की समस्त जानकारी लें। पेट्रोलिंग कर आवागमन में कोई बाधा नहीं होना चाहिए, ताकि थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रहे।

### क्षेत्र के शीतला मंदिरों तथा घरों में जले आस्था के ज्योत

**नर्रा।** चैत नवरात्र उत्सव पर नर्रा सहित क्षेत्र के गांवों के शीतला मंदिरों व घरों में आस्था के ज्योत जलाए गए है। साथ ही जग जंवारा का अनुष्ठान किया गया है। इसी प्रकार पंडरीपानी के पर्रापाठ पहाड़ी निर्माणधीन वैष्णो देवी मंदिर पर मनोकामना का ज्योति प्रज्ज्वलित हुए। मां आदि शक्ति जगत जननी मां दुर्गा की आराधना का पर्व चैत नवरात्रि पर नर्रा अंचल के गांव के शीतला मंदिरों तथा घरों पर अभिजीत मुहूर्त में ज्योत प्रज्ज्वलित की गई। वही नौ दिन में माता के नौ रूप की पूजा पाठ विधि विधान से श्रद्धालुओं द्वारा की जा रही है। माता दर्शन पूजन लोग पहुंचते रहे। नवरात्र पर्व के चलते क्षेत्र में भक्तिमय माहौल है। सेवा गीत मंडली माता की सेवा भजन गायन कर रहे है। सुबह और शाम ध्वनि विस्तारक यंत्रों से भक्ति भजनों की सुमधुर ध्वनि प्रसारित किया जा रहा है।

### मां खल्लारी के दर्शन किए

**महासमुंद।** कांग्रेस नेता अंकित



बागबाहरा ने चैत्र नवरात्र व हिंदू नववर्ष के प्रथम दिन मां खल्लारी मां चंडी के साथ -साथ बोडरीदादर स्थित चंडी देव का दर्शन किया। पश्चात आमानारा और दावनबोड़, तुपकबोरा में ज्योत जवारा दर्शन कर आशीर्वाद लिया। साथ में मुख्य रूप से चयन चंद्राकर, कबीर साहू, इंद्र कुमार चौहान, बहादुर ठाकुर, हेमलाल पटेल, मोहन साहू मौजूद थे।

### निधन

### वीरेंद्र अग्रवाल

**भाटापारा।** संजय वार्ड मंडी रोड



निवासी वीरेंद्र अग्रवाल का 29 मार्च को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 30 मार्च को सुबह 10 बजे हिन्दू मुक्तिधाम रामसागर वार्ड में किया गया। इसमें नगर व समाज के वरिष्ठजन सम्मिलित हुए। वे रामेश्वरी अग्रवाल के पति एवं ज्योति अग्रवाल, ममता अग्रवाल, अंबुज ऑफसेट के संचालक अंबुज अग्रवाल के पिता थे।

# मोहरा पंचायत में मनवा कुर्मी समाज की बैठक में 22 प्रकरणों पर हुई चर्चा

## 12 प्रकरणों का तत्काल समाधान निकालकर निष्पादन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन

सिमगा ब्लॉक के ग्राम पंचायत मोहरा में रविवार को मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज की प्रकरण बैठक आयोजित की गई। बैठक का शुभारंभ सुबह 11 बजे विधि–विधान से की गई। इसमें समाज के वरिष्ठजनों ने भाग लिया। इस अवसर पर समाज के महापुरुषों की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई एवं समाज के वरिष्ठ नागरिकों एवं बुजुर्गों का सम्मान किया गया। बैठक में समाज के विभिन्न पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे। इस दौरान समाज से जुड़े कुल 22 प्रकरणों पर गहन चर्चा की गई, जिनमें से 12 प्रकरणों का तत्काल समाधान निकालकर निष्पादन किया गया। शेष प्रकरणों पर विचार–विमर्श जारी रखते हुए उन्हें जल्द से जल्द हल करने का निर्णय लिया। बैठक में मोहरा सरपंच तारिणी जवाहर वर्मा, भालेसुर सरपंच नवीन वर्मा एवं तिल्दा राज प्रधान ठाकुर राम वर्मा उपस्थित रहे, जिन्होंने समाज की एकजुटता और विकास को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव दिए। बैठक के दौरान विभिन्न सामाजिक एवं विकासात्मक योजनाओं पर विचार विमर्श हुआ। साथ ही आगामी समय में समाज के हित में उठाए जाने वाले कदमों पर व्यापक चर्चा की गई। सभी सदस्यों ने समाज की एकता और प्रगति को मजबूत करने का संकल्प लिया। समापन समाज के उत्थान और विकास के संकल्प के साथ किया गया।



### जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया गया

इसके अतिरिक्त, समाज के नवनिर्वाचित सरपंचों, जनपद पंचों एवं विभिन्न जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर समाज के विकास, शिक्षा, रोजगार एवं आर्थिक सशक्तिकरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। समाज के युवाओं को शिक्षित एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाने की जरूरत पर जोर दिया गया।

**विडंबना:** फर्नीचर की कमी, 570 की दर्ज संख्या में 250 के लिए ही फर्नीचर मौजूद

# भेजे गए प्रस्तावों को मंजूरी नहीं और पारित काम शुरू ही नहीं हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कहीं फर्नीचर की कमी तो कहीं छात्रों के लिए अध्यापन कक्ष का अभाव। यह हाल है जिले के सरकारी कॉलेजों का जहां हर साल सुविधाएं बढ़ाने के लिए प्रस्ताव तो भेजे जाते हैं लेकिन मंजूरी नही मिलने के कारण छात्रों को ऐसी मूलभूत समस्याओं से दो चार होना पड़ता है। वहीं, जिन प्रस्तावों को मंजूरी भी मिल गई, उनका कार्य शुरू नहीं हो पाया है।

बता दें कि माता कर्मा कन्या कॉलेज को शुरू हुए 20 साल हो चुके हैं। फिर भी यहां छात्राओं की संख्या के हिसाब से सुविधाएं काफी कम हैं। पिछले कुछ वर्षों से कॉलेज में छात्राओं की संख्या बढ़ गई है और बैठने के लिए फर्नीचर की कमी है। वर्तमान में 570 छात्राएं अध्ययनरत हैं और 250 फर्नीचर ही उपलब्ध है। शासन को फर्नीचर के लिए कई बार प्रस्ताव भेजा जा चुका है। स्वीकृति नहीं मिलने से समस्याएं कायम हैं। माता कर्मा कन्या कॉलेज में अतिरिक्त कक्ष की भी कमी है। छात्राओं के बैठने के लिए कक्ष नहीं है। नए कोर्स खोलने में भी परेशानी आ रही है। अतिरिक्त कक्ष के लिए एक करोड़ 40 लाख रुपए की स्वीकृति भी मिली थी। अब तक कार्य शुरू नहीं हुआ है। इसके अलावा कन्या छात्रावास के लिए भी 2 करोड़ 70 लाख रुपए की स्वीकृति मिली थी, जिसकी नींव भी अब तक नहीं रखी गई है। माता कर्मा कॉलेज के प्राचार्य शीलभद्र कुमार ने बताया कि शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। अतिरिक्त कक्ष और कन्या छात्रावास के लिए राशि स्वीकृति मिली थी, पर काम शुरू नहीं हुआ है।




जिला मुख्यालय में कॉलेज शहर से दूर है। इस मार्ग पर न ही बस चलती है या आटो। ऑटो चालक मचेवा जाने के लिए 50 रुपए से 100 रुपए किराया लेते हैं। इससे छात्रों का खर्चा बढ़ जाता है। सुबह की पाली में सात बजे से परीक्षा होती है। सुबह की पाली वाले छात्रों को आने-जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। शहर में सुबह ऑटो नहीं मिलते हैं। छात्रों ने सिटी बस की मांग की थी, लेकिन कोई पहल नहीं हुई। पिछली सरकार ने रुचि दिखाई थी। वर्तमान सरकार ने छात्रों के आने-जाने के लिए अब तक कोई सुविधा नहीं दी है। गांव से परीक्षा देने आने वाले छात्रों को दिक्कत होती है। सात बजे से पहले बसें भी नहीं चलती हैं।

### जगह का चिन्हांकन नहीं

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम कॉलेज के लिए पूर्व में मचेवा में जगह देखी गई थी। इसके लिए राशि की स्वीकृति भी मिली थी। अब कॉलेज भवन के लिए फिर से जगह देखी जा रही है। वर्तमान में कॉलेज मिनी स्टेडियम स्थित वल्लभाचार्य कॉलेज भवन में संचालित हो रहा है। छात्रों बुनियादी सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं।

### अतिरिक्त कक्ष की मांग

वीरेंद्र बहादुर शासकीय महाविद्यालय सरायपाली में तीन वर्षों से अतिरिक्त कक्ष की मांग की जा रही है। अब तक मांग पूरी नहीं हुई है। नए कोर्स शुरू करने के लिए भी कक्ष की कमी बनी हुई है। कॉलेज के प्राचार्य पीके भोई ने बताया कि पीजी कोर्स संचालित करने के लिए कक्ष नहीं है। प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है।

# 3 लाख का गांजा जब्त, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गांजा की तस्करी करते एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स एवं थाना सिंघोड़ा की टीम ने 2 लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 3 लाख रुपए का 20 किलो गांजा जब्त किया गया है। पुलिस को 30 मार्च को सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति एक काले कलर के टीवीएस जूपिटर स्कूटी क्रमांक सीजी 04 एलएल 3851 मे गांजा रखकर ओडिशा से छत्तीसगढ़ की ओर आ रहे है।

इस सूचना पर एनएच 53 रोड ग्राम रेहटीखोल में जाकर नाकाबंदी किया गया, कुछ समय बाद दोपहिया वाहन में सवार होकर दो लोग आए। जो एक प्लास्टिक बोरी में सीट बीच में कुछ रखे हुए थे। पूछताछ में इन लोगों ने अपने नाम धर्मेंद्र उर्फ सोनू सोनकर पिता भोलाराम सोनकर (32 साल) रावणभांठा काली मंदिर के पास भाठापारा रायपुर थाना टिकरापारा रायपुर (छत्तीसगढ), प्रमोद भोई



पिता सुनारू भोई (40 साल) संवरापारा वार्ड क्र 5 बरगढ़ (ओडिशा) का निवासी होना बताए। पुलिस के द्वारा पूछताछ करने पर बोरी में गांजा होना बताया, जिसमें कुल 20 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमत 3,00,000 रुपए था। आरोपियों के कब्जे से गांजा के अलावा स्कूटी कीमत 30,000 रुपए कुल 3,30,000 रुपए का सामान जब्त कर थाना सिंघोड़ा में धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर आरोपियों को ज्यूडिशियल रिमांड में भेजा गया।




### होटल में चल रहा था देह व्यापार, पुलिस ने किया भंडाफोड़

**महासमुंद।** जय पैलेस में पुलिस ने दबिश देकर देह व्यापार का भंडाफोड़ किया है और पैलेस के संचालक व एक अन्य के खिलाफ पीटा एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए विवेचना में लिया है। जानकारी अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एनएच-53 किनारे जय पैलेस लॉज में देह व्यापार चल रहा है। सूचना पर पुलिस की टीम दबिश देकर लॉज संचालक अंकित पिता जयप्रकाश पटेल निवासी केना को गिरफ्तार किया है। जबकि, पुलिस के आने की भनक लगते ही देह व्यापार में संलिप्त संतोष दास नामक व्यक्ति भागने में सफल हो गया। जिसकी पुलिस पतासाजी कर रही है। बता दें कि एनएच किनारे देह व्यापार का यह पहला मामला सामने आया है।

# टुरीझर चोरी मामले का खुलासा बेटे ने ही उड़ाए थे सोने-चांदी के जेवर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

इस साल जनवरी में ग्राम टुरीझर के घर में हुई चोरी के मामले पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर सोने-चांदी का सामान जब्त किया है।

पुलिस ने घटना को लेकर बताया कि प्रार्थी सुमेर चक्रधारी ग्राम टुरीझर थाना तेंदूकोना आकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 13 जनवरी की रात घर के भगवान कमरे से एक लाल सफेद रंग के संदूक में रखे पुराना इस्तेमाल किया हुआ 2 नग सोने के कुल 12 पत्ती का मंगलसूत्र काला मोती लगा हुआ वजन करीबन 10 ग्राम, चांदी का एक नग करधन वजनी करीबन 360 ग्राम, एक जोड़ी चांदी की ऐंठी हाथ का वज करीबन 150 ग्राम व नगदी रकम 10,000 रुपए को संदूक का ताला तोड़कर अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। मामले की विवेचना के दौरान पुलिस की टीम के द्वारा प्रार्थी के पुत्र राधेश्याम चक्रधारी के ऊपर संदेह होने पर पुलिस की टीम के द्वारा उसे थाना लाकर पूछताछ की गई, जिस पर आरोपी द्वारा चोरी करना स्वीकार किया तथा चोरी किए गए सोने-चांदी के जेवर को आरोपी की निशानदेही पर उसके कब्जे से बरामद किया गया। पुलिस की टीम के द्वारा आरोपी के कब्जे से सोने-चांदी के जेवर कीमत 1,03,000 रुपए जब्त कर धारा 305(ए), 331(3) बीएनएस के तहत कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

## चैत्र नवरात्रि पर निकाली कलश यात्रा ...



**खरोरा।** चैत्र नवरात्रि पर देवी भागवत का आयोजन वार्ड क्रमांक 7 कृष्णा चौक धर्मानगर आचार्य शशांक शुक्ला के मुखारविंद से देवी भागवत श्रवण पान करने भक्तों को अवसर प्राप्त हो रहा है। प्रथम दिवस कलश यात्रा में अनेक माताएं बहने मां महामाया और शीतला का दर्शन करते हुए जल यात्रा में सम्मिलित हुए। पश्चात वेदी पूजन और महात्मा की कथा महाराज के मुखारविंद से श्रवण किए, जिसमें महाराज ने बताया हम सभी को नवरात्रि में नौ दिनों तक नियम और संयम का पालन करना चाहिए। नवरात्रि में यथा संभव व्रत रखें देवी मैया को प्रसन्न करने का प्रयास करते रहना चाहिए। मंत्रों द्वारा माताजी का पूजन करना चाहिए। मां भगवती अपनी सभी भक्तों की मनोकामना पूर्ण करती है।

## किसान के घर से आभूषणों सहित 97 हजार की चोरी

**महासमुंद।** ग्राम बहेरापाली के एक किसान के घर से रविवार को रानीहार समेत 97 हजार के सामान और नगदी रकम को चोरी का मामला सामने आया है। मामले में प्रार्थी ने सरायपाली थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। एफआईआर में बहेरापाली के उद्धव पटेल पिता नंदलाल पटेल ने पुलिस को बताया कि 29 की रात को घर परिवार के साथ खाना – खाकर घर के सभी दरवाजा खिडकियों को बंद कर सोए हुए थे। घर में अतिरिक्त कमरा है जहां पर टिन चादर से बने लोहे की आलमारी में सोना से बने जेवरात झुमका एक जोड़ी वजनी लगभग 15 ग्राम पुरानी इस्तेमाली एवं रानी हार वजनी लगभग 45 ग्राम कीमत 60000 रुपये एवं चांदी का पायल 3 जोड़ी 200 ग्राम, बिछिया 10 जोड़ी 20 ग्राम, मांग टीका चांदी का 02 जोड़ी 80 ग्राम कीमत लगभग 10000 रुपये, एक वीवो कम्पनी का पुराना मोबाइल कीमती 2000 रुपये एवं नगदी रकम 25000 रुपये कुल जुमला 97000 रुपये को आलमारी में रखे थे।

# बोर्ड परीक्षा में 58 विद्यार्थियों को मिलेंगे बोनस अंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

इस साल दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में जिले के 58 छात्र-छात्राओं को बोनस अंक मिलेंगे। इनमें सबसे ज्यादा संख्या स्काउट गाइड और खिलाड़ियों की है, जिन्हें इसका फायदा मिलेगा। जिला शिक्षा विभाग द्वारा इनकी सूची भेज दी गयी है। मालूम हो कि गत वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष विद्यार्थियों की संख्या कम है। पिछले वर्ष यह संख्या 75 थी।

बता दें कि छत्तीसगढ़ की दसवीं बारहवीं बोर्ड परीक्षा में खेलकूद, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट गाइड समेत अन्य कैटेगरी में विद्यार्थियों को 10 से 20 तक बोनस अंक देने का नियम है। पहले बोनस नंबरों की वजह से कई छात्र टॉप-10 की मेरिट सूची तक पहुंच जा रहे थे। इसलिए दो साल पहले नियम में बदलाव किया गया, कि बोनस के नंबर मेरिट में नहीं जुड़ेंगे। जैसे, खेलकूद, एनसीसी, स्काउट गाइड या अन्य कैटेगरी के किसी विद्यार्थी को गणित, हिंदी, अंग्रेजी, विज्ञान समेत अन्य विषयों में अच्छे नंबर मिले हैं, लेकिन कुछ नंबर की वजह से वह मेरिट में जगह नहीं बना पा रहे तो वह बोनस अंक भी काम नहीं आएगा। लेकिन छात्र मेरिट लिस्ट में नहीं है तो उसके रिजल्ट में बोनस नंबर जुड़ जाएंगे। इससे रिजल्ट का प्रतिशत बढ़ जाएगा। खेल, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट गाइड या अन्य वर्ग के विद्यार्थी कुछ नंबरों से फेल हो रहे हैं तो बोनस अंक की मदद से वह पास हो सकेंगे। शिक्षा विभाग के अनुसार इस साल दसवीं के 29 और बारहवीं के 29 कुल 58 छात्रों को बोनस अंक दिया जाएगा।

विद्यार्थियों को जो बोनस अंक मिल रहा है उनमें खेलकूद में 10 वीं के 14, जिसमें 8 विद्यार्थी और 6 छात्राएं शामिल हैं। इसी तरह 12 वीं के 19, जिनमें 11 छात्र और 8 छात्राएं कुल 33 हैं। स्काउट गाइड में 10 वीं के 15 जिनमें 6 छात्र और 9 छात्राएं शामिल है। इसी तरह 12 वीं में 4 विद्यार्थी व 6 छात्राएं शामिल हैं। जिला क्रीड़ा अधिकारी अंजली बरमाल ने बताया कि खिलाड़ियों को सिर्फ बोनस अंक ही नहीं, उन्हें ट्रैक शूट, जूता, मोजा, टी-शर्ट, निकर निःशुल्क प्रदान किया जाता है।

**लॉटरी व सीटों के आवंटन की प्रक्रिया 6 से 10 मई तक होगी, जिले में 13 स्कूल संचालित**

# आत्मानंद स्कूलों में एडमिशन की शुरुआत होगी 10 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्वामी आत्मानंद स्कूलों में प्रवेश के लिए आवेदन की प्रक्रिया 10 अप्रैल से प्रारंभ होगी। आवेदन के बाद लॉटरी व सीट आवंटन की प्रक्रिया 6 से 10 मई तक होगी। बता दें कि जिले में अंग्रेजी व हिंदी माध्यम के कुल 13 स्वामी आत्मानंद स्कूल हैं। आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में अपने बच्चों का दाखिला दिलाने के लिए पालकों को समय सारिणी जारी होने का इंतजार था। सत्र 2025-26 में छात्र-छात्राओं के प्रवेश के लिए सेजेस पोर्टल 10 अप्रैल से प्रारंभ किया जाएगा।

एडमिशन प्रक्रिया के लिए समय सारिणी जारी कर दी गई है। 5 मई तक आवेदन लिया जाएंगे। प्रवेश के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन आवेदन किए जा सकेंगे। एक विद्यार्थी एक स्कूल के लिए ही आवेदन कर सकेगा। बीपीएल और आर्थिक रूप से कमजोर पालकों के बच्चों को रिक्त सीटों के 25 प्रतिशत सीटों के विरूद्ध प्रवेश दिया जाएगा। पालकों को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण-पत्र भी प्रस्तुत करना होगा। कुल रिक्त सीटों के 25 प्रतिशत सीटों पर आवेदक बच्चों का चयन भी लॉटरी सिस्टम से किया जाएगा। कंप्यूटर के माध्यम से चयन




किया जाएगा। रिक्त सीटों पर अधिक संख्या में आवेदन आने पर लॉटरी के माध्यम से ही चयन किया जाएगा। वहीं दूसरी ओर स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम स्कूलों में विद्यालय के क्षमता के अनुसार छात्रों को प्रवेश दिया जा सकेगा। विद्यालयों में प्रवेश कक्षा 6 वीं से कक्षा 9वीं में प्रवेश सोसाइटी के निर्णय के अनुसार लिए जाएंगे। जिला शिक्षा अधिकारी मोहन राव सावंत ने बताया कि स्वामी आत्मानंद स्कूलों में प्रवेश के लिए समय सारिणी जारी कर दी गई है। 10 अप्रैल से आवेदन लिए जाएंगे।

### अंग्रेजी मीडियम के लिए उत्साह

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम में छात्रों को पढ़ाने के लिए पालक ज्यादा रुचि दिखाते हैं। इस कारण पहली कक्षा में एडमिशन के लिए लॉटरी भी निकालनी पड़ती है। अंग्रेजी मीडियम स्कूलों में सीट की संख्या लिमिट है। आत्मानंद स्कूलों में सबसे ज्यादा छात्र 9 वीं कक्षा में अध्ययन कर रहे हैं। 9 वीं कक्षा में 1492 और 10 वीं में 1225 छात्र हैं। जिले में 13 स्कूलों में पहली से 10 वीं तक 4994 छात्र अध्ययन कर रहे हैं। सबसे ज्यादा छात्र सेजेस महासमुंद में 659 हैं। दूसरे क्रम में सांकरा में सबसे ज्यादा 570 छात्र अध्ययन कर रहे हैं। तीसरे क्रम में कोमाखान में 500 कुल छात्र हैं।

### इतनी होनी चाहिए आयु

अंग्रेजी मीडियम स्कूलों में पहली में प्रवेश के लिए छात्र की आयु 31 मई 2025 की स्थिति में 5 वर्ष 6 माह से 6 वर्ष 6 माह के मध्य होनी चाहिए। प्रत्येक कक्षा में रिक्त सीटों में 50% छात्राओं का चयन किया जाएगा। बालिकाओं की संख्या कम होने पर बालकों का चयन किया जाएगा।

